Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# टपकेश्वर महादेव...इस नाम को किसी पहचान की जरूरत नहीं

आस्था

## खूबसूरत वादियों में स्थित मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है

चंदन कुमार झा

देहरादून। टपकेश्वर महादेव ,,,इस नाम को किसी पहचान की जरूरत नहीं,,,,,,,,देवभूमि उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में स्थित ये मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। शहर से महज 7 किमी दूर गढ़ी कैंट क्षेत्र में बने टपकेश्वर महादेव मंदिर का इतिहास प्राचीन है। मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ आदिकाल में यहां देवताओं की प्रार्थना से प्रसन्न होकर देवेश्वर के रूप में उन्हें न सिर्फ दर्शन देते थे, बल्कि उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते थे। इसके बाद इस तपस्थली को ऋषियों, मुनियों ने अपना वास बनाया और भोले शंकर के लिए तप किया। ऋषियों की तपस्या से भी शिव शंकर ने प्रसन्न होकर उनका कल्याण किया।

आचार्य द्रोण को भी इसी स्थान पर भोलेनाथ की कृपा प्राप्त हुई। मान्यता है कि उन्हें महादेव ने यहां अस्त्र शस्त्र और पूर्ण धनुर्विद्या का ज्ञान



खुद दिया। ऐसी अनेकों मान्यताएं भगवान टपकेश्वर के इस स्थान से जुड़ी हैं। द्रोणपुत्र अश्वत्थामा की जन्मस्थली और तपस्थली भी यही मंदिर है। जहां आचार्य द्रोण और उनकी पत्नी कृपी की पूजा अर्चना से खुश होकर शिव ने उन्हें 'पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया जिसके बाद उनके यहां अश्वत्थामा का जन्म हुआ। अश्वत्थामा की दूध पीने की इच्छा और उनकी माता कृपि से उनकी इच्छा की पूर्ति न होने पर जब अश्वत्थामा ने घोर तप किया तब भगवान भोलेनाथ ने उन्हें वरदान के रूप में गुफा से दुग्ध की धारा बहा दी। तब से यूं ही दूध की धारा गुफा से शिवलिंग पर टपकती रही और कलयुग में इसने जल का रूप ले लिया,,,,इसीलिए भगवान सदाशिव को टपकेश्वर कहा जाता है।

देश विदेश से हजारों की तादाद में श्रद्धालु टपकेश्वर महादेव के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामना मांगते हैं।

यू तो सालभर ही टपकेश्वर महादेव के मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन सोमवार के दिन भक्तों की भीड़ बढ जाती है। वहीं शिवरात्रि, सावन, नवरात्र जैसे कई ऐसे पर्व है जिनमें टपकेश्वर महादेव मंदिर की रौनक देखते ही बनती है। इसके अलावा अगस्त में निकाली जाने वाली भगवान शिव की शोभायात्रा में लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचकर महादेव का अभिषेक करते हैं। इस आयोजन को महाकुंभ के बाद दूसरे सबसे बड़े आयोजन के रूप में प्रदेश में मनाया जाता है।

टपकेश्वर महादेव मंदिर के करीब से गुजरती टौंस नदी इसकी खूबसूरती और खासियत दोनों को बढ़ा देती है। मान्यता है कि देवताओं के समय में देवता इस नदी में ही स्नान किया करते थे और उस समय इसे देवधारा के नाम से जाना जाता था। टपकेश्वर महादेव मंदिर की ये भी एक विशेषता है कि यहां शनिदेव, मां दुर्गा, हनुमानजी , संतोषी मां ,वैष्णोदेवी के अलावा कई देवी देवताओं के दर्शन आप कर सकते हैं। यहां गूंजते भोले के जयकारे उनके भजनों की गूंज आपको आस्था के रंग में पूरी तरह रंग देगी।

## न्यूज डायरी :

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दीर्घायु व स्वस्थ की कामना

**संवाददाता** हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी मंडल हरिद्वार द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्मदिन के अवसर पर उनकी दीर्घायु और स्वस्थ होने की कामना को लेकर भीमगोड़ा बैराज स्थित माँ गंगा तट पर हवन किया गया। प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ रहने की कामना की गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और राज्य जैविक उत्पाद परिषद के उपाध्यक्ष ठाकुर सुशील चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना और हवन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री ठाकुर सुशील चौहान ने कहा की आज मोदी जी का 70 वा जन्मदिन देश बहुत धूमधाम से मना रहा है आज मोदी जी की स्वीकार्यता ना केवल भारत में है अपितु पूरी दुनिया में है।

### नशा मुक्ति भारत अभियान की समिति की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कल कलेक्ट्रेट में नशा मुक्ति भारत अभियान की समिति की बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि नशा मुक्ति भारत अभियान को गति प्रदान करने और उसमें तेजी लाने के लिये 01 करोड़ 10 लाख का विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे स्वीकृति के लिये भारत सरकार को भेजा जायेगा, जिसकी स्वीकृति के पश्चात नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने में काफी गति मिलेगी।

### भाजपा विधायक के बेटे समेत आधा दर्जन पर मुकदमा

**संवाददाता** हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में पार्किंग से कार निकालने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष की ओर से भाजपा विधायक के बेटे को नामजद करते हुए आधा दर्जन अज्ञात लोगों के लिए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है, दूसरे पक्ष की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सिडकुल थाना प्रभारी लखपत सिंह बुटोला ने बताया कि बुधवार को अवनीश कुमार पुत्र अरविंद सिंह निवासी बोंगला बहादराबाद किसी कार्य से न्यायालय आए थे, पार्किंग में कार निकालते वक्त साइड ना मिलने पर दूसरे वाहन चालक से कहासुनी हो गई। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, दूसरे पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर उनका भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भाकपा माले ने मनाया राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद मुख्यालय में गुरुवार को बेरोजगारों के समर्थन में भाकपा माले के गोविन्द कफलिया ने जिले के बेरोजगार नवयुवकों के साथ मिलकर उनके आंदोलन को सही बताया। कफलिया ने कहा कि जहां एक ओर पूरा देश प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाने में मशगूल है। वहीं जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ के तमाम युवा सड़कों व घरों में से बाहर निकलकर राष्ट्रीय युवा बेरोजगार दिवस मनाने को मजबूर हो रहे है। यह दिवस आज के दिन जिले में युवा बेरोजगार दिवस व जुमला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

जिले के युवा बेरोजगार नवयुवकों ने के समर्थन में उतरे कफलिया ने कहा कि बीते छह साल में अब तक देश का युवा वर्ग नौकरियां मिलने के नाम पर आज भी तरस रहा है। सरकारी विभागों में तमाम तरीके के पद रिक्त चल रहे है वही राज्य में नये पदो के सृजन पर रोक लगी है। वही निजीकरण के चलते नौकरियों का खात्मा हो चुका है।

प्रदेश के युवा अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहे है। वहीं अब तक कोई ठोस पहल न हो पाने के कारण जिले के बेरोजगार युवक सड़कों में उतरकर आज पूरे देश में युवा बेरोजगार दिवस मनाने को मजबूर हो रहे है। इस दौरान तमाम माले कार्यकर्ता व बेरोजगार संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जिले में भाजपाइयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

- ■विधायक पंत ने मोदी के जन्म दिन पर दीर्घायु होने की कामना की
- ■डीडीहाट में भी जगह जगह चलाया गया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सप्ताह के तहत पूरे जिले के वार्डो व नगर में सफाई अभियान चलाया गया। मंडल स्तर व शक्ति केन्द्रों में पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने कूड़ा एकत्र कर नष्ट किया।

भाजपा विधायक चन्द्रा पंत ने अपने आवासों व वार्डो में स्वंय स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के मौके पर परिवार के सदस्यों व पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पौधारोपण भी किया। प्रधानमंत्री के लिए दीर्घायु की कामना भी की। इस मौके पर तमाम भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र वल्दिया के नेंतृत्व में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के मौके पर पार्टी कार्यालय में पीएम मोदी के देश हित में किये गये कार्यों की प्राथमिकता को गिनाते हुए उनके लिए दीर्घायु की कामना की गई।

सीमांत तहसील डीडीहाट में भाजपा विधायक बिशन सिह चुफाल ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की प्राथमिकता को उजागर करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की है। डीडीहाट नगर पालिका की नगर पालिका अध्यक्षा कमला चुफाल ने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर क्षेत्र के लोगों को जन संदेश देने हुए प्रधानमंत्री के लिए दीर्घायु की कामना की।

मुनस्यारी गंगोलीहाट व धारचूला में भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के मौके पर क्षेत्र में सेवा सप्ताह के तहत स्वच्छता अभियान चलाने के साथ प्रधानमंत्री मोदी के लिए दीर्घायु की कामना की।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे नवर्निमित आठ पुलों का ऑनलाइन उदघाटन

निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट

जिले में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहेगे

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ तवाघाट और जौलजीबी मुनस्यारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाये गये पुलों का आज रक्षामंत्री राजनाथ इन नवर्निमित पुलों का आनलाइन उदघाटन करेंगे।

बता दें कि बीआरो द्वारा चीन सीमा को जोड़ने वाली तवाघाट जौलजीबी और मुंसयारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन पुलों का निर्माण किया गया है। जानकारी के मुताबिक इन पुलों के बनने से अब आवाजाही बिल्कुल आसान हो सकेगी। वही इस पुल के उदघाटन के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत भी जिले में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने नैनी सैनी हवाई पैड पहुंचकर बाहरी स्थल का जायजा लेकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। लंबे समय से सीमा पर पुलों के बनाये जाने की मंजूरी मिली थी। अब पुलों के उदघाटन के बाद सीमा पर आवाजाही के लिए आसानी होने के साथ सीमा पर बसे गांवों के लोगों व जवानों को अवाजाही के लिए काफी लाभ मिलेगा। बीते गुरूवार की सांय को जिला प्रशासन द्वारा पुलों के उदघाटन को लेकर किये जा रही तैयारियों को लेकर बीआरो व अन्य




विभागीय आला अधिकरियों को साथ लेकर नैनी सैनी हवाई पट्टी का बाहरी निरीक्षण कर विभिन्न तैयारियों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दोबाट,ऐलागाड,ढुगातोली,सिराली, स्यालगाड,तुलागाड,कुलागाड और चारीगाड में बनाये इन पुलों का आज विधिवत उदघाटन करेंगे। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री के गुरूवार को जिले में पहुंचने की सूचना दी गई है।

## जिला समाज कल्याण अधिकारी ने डीएम को दी जानकारी

**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कल कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी नरेन्द्र यादव ने पिछली बैठक में दिव्यांगों के हित के लिये दिव्यांगता के अनुसार सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं–दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति आदि में अब तक की हुई प्रगति की जानकारी जिलाधिकारी को दी। बैठक में उपस्थित विभिन्न दिव्यांग संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। दिव्यांग संगठन के प्रतिनिधि अमित ने जिलाधिकारी को बताया कि लस्कर क्षेत्र से 2017 में 293 लोगों ने यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनवाने के लिये आवेदन कर दिया था, लेकिन अभी तक इन लोगों के यू0डी0आई0डी0 कार्ड नहीं बन पाये हैं। इस पर बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि यह त्रुटि कहां से हुई है, चेक करा लेते हैं तथा हाथों–हाथ कार्ड बनवा देंगे।